न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन भू–अभिलेख अधिकारी बालोतरा

पीठासीन अधिकारी:– अशोक कुमार, आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन संख्या :– 563 /2025

जी.सी.एम.एस. नम्बर :– 2025/802

प्रार्थी	बनाम	विप्रार्थी
राजस्थान सरकार जरीए तहसीलदार पचपदरा		जीवाराम पुत्र किरताराम वगैरा जाति जाट निवासी गूगरी तहसील पचपदरा व जिला बालोतरा

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 130,131,136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थिति–

1.प्रार्थी की ओर से राज.पैरोकार उपस्थित।

2.विप्रार्थी अनुपस्थित।

:आदेश:

दिनांक 24/12/2025

यतः तहसीलदार पचपदरा ने ग्राम गूगरी पटवार मण्डल आकड़ली तहसील पचपदरा की खसरा संख्या 347/131,348/131,349/131,128/43,132/45 व 130/43 भूमि मे से प्रस्तावित रकबा भूमि वर्षो से मौके पर चलायमान रास्तें को भू अभिलेख में सार्वजनिक रास्ता अंकित करने का निवेदन किया गया।

अतः राजस्थान भू अभिलेख नियम 1957 के नियम 58,59,60 एवं 86 के प्रावधानुसार एवं राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 131 व 132 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत एवं राजस्व सरकार की अधिसूचना क्रमांकः राजस्व (ग्रुप्र–6)/विभाग जयपुर के परिपत्र क्रमांक–प.3 (2) राज–6/2003/पार्ट जयपुर दिनांक 10.5.2016 तथा परिपत्र क्रमांकःप.3(17)राज–06/03 पार्ट जयपुर दिनांक 24.12.2014 एवं परिपत्र क्रमांकःप.3(17)राज–6/2021 पार्ट/91 दिनांक 30.9.2021 की अनुपालना में अधोलिखित खसरान के खातेदार की सहमति के आधार पर निम्नानुसार आदेश दिए जाते है कि :–

ग्राम गूगरी पटवार मण्डल आकड़ली तहसील पचपदरा की खसरा संख्या 347/131 , 348/131,349/131,128/43,132/45 व 130/43 के संलग्न नक्शानुसार बरंग हरा में दर्शित रास्ते में काम आ रही भूमि को राजस्व (ग्रुप्र–6)विभाग के परिपत्र क्रमांकःप.3(17)राज–6/2021 पार्ट/91 दिनांक 30.9.2021 के बिन्दु संख्या 4(1) में विहित प्रावधान के अनुसरण में सारणी के ख भाग के कॉलम संख्या (07) में अंकित रकबा की भूमि खातेदारी आराजी में से कम करते हुए सार्वजनिक गैर मुमकिन रास्ता धोषित करते हुए तदनुसार भू–अभिलेख में इन्द्राज एवं तरमीम किए जाने के आदेश प्रदान किए जाते है:–

उपखण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

वर्तमान जमाबंदी में दर्ज प्रविष्टि (क)				नवीन रास्ते हुए दर्ज प्रविष्टि (ख)				वि.वि.
1	2	3	4	5	6	7	8	9
क्र. स.	खाता संख्या	खसरा संख्या	रकबा (हैक्ट.)	किस्म भूमि	खसरा संख्या	रकबा (हैक्ट.)	किस्म भूमि	बरंग
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	30	347/131	2.2824	बा.सो.	347/131	0.0540	गै.मु. रास्ता	हरा
2	32	348/131	2.2824	बा.सो.	348/131	0.1500	गै.मु. रास्ता	हरा
3	36	349/131	2.2825	बा.सो.	349/131	0.1500	गै.मु. रास्ता	हरा
4	106	128/43	5.8275	बा.सो.	128/43	0.1390	गै.मु. रास्ता	हरा
5	107	132/45	6.7586	बा.सो.	132/45	0.2460	गै.मु. रास्ता	हरा
6	49	130/43	6.1512	बा.सो.	130/43	0.1500	गै.मु. रास्ता	हरा

तहसीलदार पचपदरा को निर्देशित किया जाता है,कि तदनुसार राजस्व रेकर्ड में नियमानुसार अमल दरामद किया जाना सुनिश्चित कर मय रिकॉर्ड की प्रति सहित पालना रिपोर्ट प्रेषित करें। नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी (S.D.O.) बालोतरा

24/12/2025

(अशोक कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
बालोतरा

आदेश आज दिनांक 24/12/25 को लिखा जाकर सर–ए–इजलास सुनाया गया।

24/12/2025

उपखण्ड अधिकारी
बालोतरा